EDII

Singrauli Patrika

March 21, 2024

आत्मनिर्भर बनने लिया प्रशिक्षण

सिंगरौली @ पत्रिका. एनटीपीसी विंध्याचल में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। विंध्याचल परियोजना ने उद्यमिता विकास प्रशिक्षण संस्थान अहमदाबाद की मदद से महिलाओं को मसाला उत्पाद को तैयार करने और बाजार में बिक्री करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दोनों संस्थानों के मध्य हुए समझौता के तहत आयोजित 5 दिवसीय प्रशिक्षण में आसपास की ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। वीवा क्लब में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार विश्वास, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा , फैकल्टी (ईडीआईआई) डॉ. अंजनी के. सिंह, वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन) पंकज वशिष्ट, सचिव (सुहासिनी संघ) सरोज सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मसाला तैयार करने के साथ बाजार में बिक्री का भी प्रशिक्षण दिया गया।